आज के कार्यक्रम

मेला

■ **सुबह 08:00 बजे:** संडासपुर के कालिका धाम में लगेगा मेला।

शहीदे आजम कॉलेज

■ **रात 08:00 बजे:** जगदीशपुर के मलवा में बाइ रोज शहीदे आजम कॉलेज में मौलाना अलबर खान करेंगे तकरीर।

शिविर

■ **सुबह 11:00 बजे:** स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहादत उपकेंद्र में शिविर लगकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे।

कल्याण यात्रा

■ **सुबह 11:00 बजे:** यात्रा विश्वनाथधाम हरदी में श्रीराम कथा से पहले निकाली जाएगी कलश यात्रा। आयोजक राधेकृष्ण दुबे।

श्रीराम कथा

■ **प्रात: 04:00 बजे:** अमेठी के पारलपुर में प्रयागराज आचार्य संसेव राम महाराज सुप्रसिद्ध श्रीराम कथा। आयोजक केहूराम तिवारी।

चौपाल

■ **प्रात: 08:00 बजे:** रामपुर जयराज गांव में राजमार्ग और ग्रामसी गंडे शीतल शुक्ला जनचौपाल में होगी शामिल। ग्रामीणों की सुनेंगे शिकायतें।

आपकी आवाज
किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।
ईमेल
dakshchorpublic.amarujala.com
वाट्सएप करें
9368724180

साफा भाव

सोना	चांदी
1,49,500 रुपये -प्रति 10 ग्राम	2,46,000 रुपये -प्रति किलो

नीट की तैयारियां हुईं पूरी 913 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

परीक्षा के लिए सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम

संवाद न्यूज एजेंसी

अमेठी सिटी। तिथि में रविवार, 21 जून को नीट की परीक्षा आयोजित होगी। नीट परीक्षा केंद्रों पर 913 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रशासन ने परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

परीक्षा के नोडल अधिकारी केडी मिश्र ने बताया कि सभी केंद्रों पर निगरानी कैमरों से नजर रखी जाएगी। केंद्रों पर मजिस्ट्रेट और पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। प्रवेश से पूर्व फर्जीवाड़े से सावधान, पहचान पत्र की जांच और सघन तलाशी की जाएगी।

परीक्षा केंद्र आरआरपीजी कॉलेज। संवाद

मोबाइल फोन, स्मार्ट घड़ी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी। जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज, आरआरपीजी कॉलेज अमेठी और रायबरेली इंटर कॉलेज रामनगर की परीक्षा केंद्र बनाया गया है। नवोदय विद्यालय में 217, आरआरपीजी कॉलेज में 360 और रायबरेली इंटर कॉलेज में 336 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। दिव्यांग अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूपों के अनुसार अतिरिक्त समय मिलेगा।

नीट स्नातक परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र दिखाने पर रोडवेज बसों में 50 फीसदी किराया छूट मिलेगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि 20 और 21 जून को चलने वाले 15 सर्वो का संचालन किया जाएगा।

बीईओ व अनुचरों पर लगे आरोपों की जांच शुरू

आंध्र टीम ने दर्ज किए बयान

सिंहपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की शिकायत पर बीईओ और चौकाराजी में तैनात दो अनुचरों पर लगे आरोपों की जांच शुरू हो गई है। बृहस्पतिवार को गठित जांच टीम ने चौकाराजी पहुंचकर शिकायतकर्ताओं और दोनों अनुचरों के बयान दर्ज किए। बीईओ का बयान अभी नहीं लिया गया है।

शिक्षक संघ के अध्यक्ष आशुतोष शुक्ला और मंत्री संजय पांडेय ने मुख्यमंत्री समेत अन्य अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर बीईओ हरिओम तिवारी तथा अनुचर आलोक शुक्ला और भंटूसेखर द्विवेदी पर अभद्र व्यवहार, भ्रष्टाचार और धमकियों के आरोप लगाए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएसए संजय तिवारी ने जिलेवार के बीईओ एवं लिपिक कल्याण और महाटूएफ के बीईओ एसोसिएशन प्रतिनिधि प्रतिभाग के अनुसार अतिरिक्त समय मिलेगा।

बृहस्पतिवार को जांच अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं से आरोपों के संबंध में जानकारी ली और दोनों अनुचरों के बयान दर्ज किए। जांच अधिकारियों ने बताया कि बीईओ हरिओम तिवारी सक्षम अधिकारी हैं, इसलिए उनके संबंध में सक्षम स्तर से आगे निर्णय लिया जाएगा। जांच रिपोर्ट तैयार कर बीएसए को भेजी जाएगी। (संवाद)

न्यूज डायरी

229 लोगों को बांटे सहायक उपकरण

मुंशीगंज में दिव्यांगों को सहायक उपकरण देते अतिथि। सामान्य पत्रकार

मुंशीगंज। राष्ट्रीय सामाजिक योजना के तहत बृहस्पतिवार को ग्राम पंचायत भोगोई हीरापाल में सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों को कान की मशीन, कलर बेल्ट, व्हीलचेयर, कॉकर, वैसाखी, ट्राई साइकिल, कुष्ठी व्यक्ति निर्दिव्य उपकरण वितरित किए गए। कुल 229 लाभार्थियों को सहायक उपकरण दिये। पालीक कुंडेल और रिमोन विभाग (एसिफाई) के आरके इलर्न और प्रवेश गुप्त ने योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रोकुमचुर्ग, शबर कुमार, आलोक आदि मौजूद रहे। (संवाद)

अनुपस्थित तीन लेखपालों को नोटिस

मुसाफिरखाना। तहसील की आईजीआरएस सेल के निरीक्षण में तीन लेखपाल अनुपस्थित पाए गए। एसडीएम नितिन राज ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। लेखपालों को 16 जून को आईजीआरएस सेल में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए थे। 17 जून को किए गए निरीक्षण में प्रभावी निगरानी, कुलनीरा और अहुल पचरन अनुपस्थित मिले। एसडीएम ने तीनों से अनुपस्थिति का कारण पूछते हुए तीन दिन में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। (संवाद)

झांसा देकर ठगे 22 हजार रुपये

जायस। मगई गांव निवासी शैलेंद्र कुमार साहनर उर्फ के शिकार हो गए। अनुचरन दिलाने का झांसा देकर उन्न ने उनके बैंक खाते से 22 हजार रुपये निकाल लिए। नोटिस ने अभियुक्त निकालन दर्ज कराई है। शैलेंद्र कुमार ने बताया कि गांव महा पहले उनकी पत्नी सुमन ने बच्चे को जन्म दिया था। इसी बीच एक व्यक्ति ने फोन कर बताया कि सरकार की ओर से बच्चे के जन्म पर अनुदान राशि दी जाती है। शैलेंद्र ने फोन पर बच्चे का बैंक खाता पासबुक और आधार फोन कर लिया। कुछ देर बाद खाते से 22 हजार रुपये निकालने का मेसेज मोबाइल पर आया। कोतवाली प्रभारी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी का जांच कराई जाएगी। (संवाद)

मार्ग क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

शंखपुर। रेवा प्रशासन की डोंटी बहुरी में ट्रांसफॉर्मर निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार को विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि मार्ग पर ट्रांसफॉर्मर निर्माण के नाम पर गुपचुप हो रहा, लेकिन मरामत पर कार्य नहीं कराया गया। ग्रामीण आशीष कुमार तिवारी, अनिल कुमार पांडेय और आलिक सिंह ने पंचर नूर को डीएम को शिकायती पत्र देकर आलेर लगाया था कि प्रशासन सिंह के खेत से नोट सिंह के घर तक ट्रांसफॉर्मर निर्माण के लिए वर्ष 2024-25 में 3.22 लाख रुपये से अधिक का भुगतान किया गया, जबकि मौके पर निर्माण कार्य नहीं हुआ। प्रशासक प्रतिनिधि सतीश सिंह ने बताया कि वर्ष पर ट्रांसफॉर्मर निर्माण कराया जाएगा। (संवाद)

प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी लगाने की अपील

अमेठी सिटी। व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और व्यापारियों को व्यवसायों के संचालन को लेकर बृहस्पतिवार को पुलिस कार्यालय सभागार में सीओ अमेठीगंज की गई। इसमें जिले के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों, राशन व्यवसायियों, पेट्रोल पंप और गेट हाउस संचालकों ने भाग लिया। पीओ ने व्यापारियों को प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए जागरूक किया गया। विशेष बल से व्यापार कारोबारियों से दुकानों के अंदर और बाहर कैमरे लगाने की अपील की गई। एएसपी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने व्यापारियों की सहायता सुरक्षा उनके नियंत्रण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। (संवाद)

बैठक में डीएम ने की समीक्षा

अमेठी सिटी। जिला अनुश्रवण मध्यवर्ग समिति की बैठक बृहस्पतिवार को डीएम संजय पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें एएचए ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) और पुष्टाहार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि नई महाटाएफए के अनुसार आनन्दवाड़ी केंद्रों तक रिमेथी आपाहिर अनुकूलन पुष्टाहार पहुंचाया जा रहा है। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता से किया जाए। (संवाद)

पढ़ाने के तरीके बताए शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

डीएवी पब्लिक स्कूल एचएएल कोरबा में कार्यशाला को संबोधित करते अतिथि। विज्ञापन प्रकाशन

संवाद न्यूज एजेंसी

अमेठी सिटी। मुंशीगंज स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल एचएएल कोरबा में बृहस्पतिवार को गणित एवं कंप्यूटर साइंस विषय के शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इसमें डीएवी उत्तर प्रदेश जोन की, एक और जो के नौ विद्यालयों के 42 शिक्षक और छह विषय विशेषज्ञ शामिल हुए। इसमें शिक्षकों को पढ़ाई के तरीके बताए गए।

कार्यशाला का शुभारंभ एचएएल एजिवर्सिटस हिंडोलन कोरबा के मुख्य अतिथियों निदेशक रवि प्रकाश, डीएवी पब्लिक स्कूल लखनऊ के प्रधानाचार्य राजीव कुमार पांडेय तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य वीभूषण सिंह तोमर ने किया। पहले दिन विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने शिक्षकों को बदलते शैक्षिक परिवेश के अनुरूप नवीन शिक्षण पद्धतियों, प्रभावी कक्षा संचालन और विद्यार्थियों को सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के उपायों की जानकारी दी।

कार्यशाला में विद्यार्थियों को मनोवृत्ति को समझने, कक्षा शिक्षण को रोचक बनाने के माध्यम पर चर्चा की गई।

कलेक्ट्रेट परिसर में बृहस्पतिवार को प्रदर्शन करते शिक्षक। संवाद, संसद

संवाद न्यूज एजेंसी

अमेठी सिटी। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर बृहस्पतिवार को शिक्षकों ने टीईटी लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के हितों की रक्षा और सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने नारेबाजी करते हुए परिषद और केंद्रीय शिक्षमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट आशीष सिंह को सौंपा।

जिला संयोजक विनोद कुमार के नेतृत्व में विभिन्न ब्लॉकों से आए शिक्षक मिला मुख्यालय मिला जागो मार्च पर एकत्र हुए। इसके बाद जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर विशेष जतलाया। विनोद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में टीईटी व्यवस्था लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों ने वर्षों तक शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऐसे में बाद में बनाए गए नियमों को पूर्व प्रभाव से लागू करना न्यायसंगत नहीं है।

वक्ताओं ने कहा कि यह आंदोलन शिक्षक समाज के सम्मान, अधिकार से जुड़ा है। प्रदर्शन में जावेज तिवारी, प्रमोद तिवारी, पंकज, अमित, सुरेश आदि मौजूद रहे।

संवाद न्यूज एजेंसी

प्रधानमंत्री व केंद्रीय शिक्षामंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा

नियमित योग करने से कम होता है तनाव

अमेठी कार्यालय परिसर में योगाभ्यास करते लोग। फोटो : अमर उजाला पत्रकार

संवाद न्यूज एजेंसी

योग दिवस पर जिलेभर में होंगे सामूहिक योग कार्यक्रम

अमेठी सिटी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन और आयुष विभाग की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' यानी स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए योग रखी गई है।

योग दिवस के तहत मनकेर अमेठी, गौरीगंज पुडावन, जगमो, मेहराबू, पामयी सहित पीठ अमेठी, नगर पालिका परिषद जायस, बाबा गुरु गोरखनाथ धाम, टीकरमाफी परमाहंस आश्रम, आदेश भवानी समरीता तथा रिजर्व पुलिस लाइन सहित विभिन्न स्थानों पर योग शुरू आयोजित होंगे। प्रतिष्ठित योगाचार्य प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराएंगे। गौरव अधिकारी डॉ. अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, मानसिक तनाव कम होता है।

युवक की मौत का रहस्य बरकरार

संवाद न्यूज एजेंसी

पोस्टमर्टम रिपोर्ट में शरीर पर मिले चोट के 13 निशान, जांच तेज

जगदीशपुर। मिलौनी गांव के लाल का पुरवा निवासी प्रमोद पासी (21) की मौत होने का रहस्य गहरा दिन भी बरकरार है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर 13 चोटों के निशान और सिर में गंभीर चोट से मौत होने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है। मामले के खुलासे के लिए तीन टीमें लगाई गई हैं।

गोरखनाथ युवक प्रमोद का शव बुधवारका करता मिला हालैये पुल के नीचे झाड़ियों में मिला था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि घर से निकलने के बाद प्रमोद ने भाई को फोन कर भारतीय और जहर का खतरा होने की बात कही थी। इसके बाद उसने संपर्क नहीं हो सका।

पुलिस मोबाइल कॉल डिटेल, लोकेशन, बैंक लेनदेन और सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। मोबाइल फोन में पासवर्ड होने और घटनास्थल से कोई ठोस साक्ष्य न मिलने से जांच में चुनौती बनी हुई है। स्थानीय में भी अब तक कोई खास मदद नहीं मिली है। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार यादव ने बताया कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि प्रमोद ने खाने की बात क्यों कही थी, उसकी आशिकी मुलाकात किसकी हुई, मौत घटनास्थल पर हुई या कहां लाकर फेंका गया। शरीर पर मिले 13 चोटों के निशान कैसे आए और घटना के पीछे रंजिश, प्रेम प्रसंग या कोई अन्य कारण है।

22 लोगों के बनाए गए आयुष्मान कार्ड

फोटोग्राफ

कुरसलंडा। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बृहस्पतिवार को 22 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। अधीक्षक डॉ. अभिषेक शुक्ला ने बताया कि पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक के निशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि जिन पात्र व्यक्तियों के अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपना कार्ड बनवाएं। (संवाद)

विधायक व आरएसएस पर टिप्पणी का आरोप

बाजारशुक्लूल। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। भाजपा अनुसूचित मोर्चा बाजारशुक्लूल के मंडल अध्यक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

किसानी गांव निवासी एवं भाजपा अनुसूचित मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मनोज पासी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर विधायक सुरेश पासी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संबंध में अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणियां की हैं। भाजपाध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। (संवाद)

सुरक्षित भूमि से हटवाया कब्जा

संवाद न्यूज एजेंसी

दक्षिणगांव में टीम ने की कार्रवाई

शाहगढ़। दक्षिणगांव में सुरक्षित भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को बृहस्पतिवार को प्रशासन ने नस्तर करा दिया। नोटिस जारी किए जाने के बावजूद निर्माण कार्य जारी रहने पर राजस्व और पुलिस विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए भूमि को कब्जामुक्त कराया।

नायब तहसीलदार अनुजी त्रिपाठी के नेतृत्व में राजस्व टीम और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों के अनुसार सुरक्षित भूमि पर निर्माण कार्य की जानकारी मिलने पर पहले संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर निर्माण रोकने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहा गया। इसके बाद प्रशासन ने जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण हटवा दिया।

अवैध निर्माण हटाने के बाद भूमि को कब्जामुक्त कर राजस्व अधिकारियों के अनुसार सुरक्षित किया गया। नायब तहसीलदार ने बताया कि सरकारी ट्रस्ताव, नाली, चारागाह और अन्य सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान राजस्व कर्मी मनीष सरोज, नीरज यादव, कुलदीप यादव, सुजीत सिंह आदि मौजूद रहे।


शाहगढ़ के दक्षिणगांव में जेसीबी से हटवाया गया अतिक्रमण। फोटो : एमपीएस

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

बैंक ऑफ़ बड़ौदा

अंचल दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, प्रयागराज
19–ए, द्वारिका भवन, प्रथम तल, टैगोर टाउन, प्रयागराज

ई- नीलामी सूचना

अचल सम्पत्ति के बिक्री के लिए सूचना

"परिशिष्ट" IV-ए [नियम 8 (6) एवं 9(1) के परन्तुक को देखें .

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 8(6) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के साथ पठित, नियम 9(1) के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

लखनऊ: अनुबंधकार एवं कर्जी तथा जमानतकर्ता को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति/अचल/चल सम्पत्ति की, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक 08.12.2023 को **भौतिक कब्जा** में लिया गया है, जो बैंक के निम्नलिखित चार्ज के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **"जो है जहाँ है, जो है जैसा है तथा जो कुछ भी है"** के आधार पर बिक्री का उनवान आयोजित किया जाता है। ऋणी/जमानतकर्ता/प्रतिभूति आस्तिदेयक/ अवसिष्ट मूल्यार्थी-नीलामी की तिथि तक समय, इत्तेहार राशि (सुलभी) तथा बिक्री बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है:

ई- नीलामी की तिथि एवं समय : 07.07.2026 समय: 02:00 PM से 06:00 PM			ई एम.डी. जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय : 06.07.2026 समय: 04:00 PM तक		
क्र० सं०	ऋणियों/ जमानतकर्ताओं का नाम एवं पता	अचल सम्पत्तियों का विवरण	कुल आरक्षण राशि	ई -नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित धनराशि/ अग्रिम धनराशि/ बिड बढ़ोत्तरी राशि	कब्जा की स्थिति (एकमात्र/ भौतिक)	धनराशि निक्षेपण करने के लिए तिथि एवं समय
1.	**ऋणी:- (1) मेसर्स यद्दुल यूथ प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, पता-** एम ई 58 ए, गोल नं० 1, ट्रिडसिटी औद्योगिक क्षेत्र, पोस्ट- गौरीगंज, जिला- अमेठी-227409 (2) **श्रीमती आशा सिंघल** पत्नी श्री राजकुमार प्रसाद सिंघल, **निवेशक-**मेसर्स यद्दुल यूथ प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, **पता-** पुराना बस स्टैंड, कटरा तालाब, पोस्ट- गौरीगंज, जिला- अमेठी-227409 (3) **श्रीमती आशा सिंघल**, स्वर्गीय जमाता प्रसाद सिंघल की पत्नी, कानूनी उत्तराधिकारी, **पता-** पुराना बस स्टैंड, कटरा तालाब, पोस्ट- गौरीगंज जिला- अमेठी-227409 (4) **श्री सुरेश अग्रवाल** पुत्र श्री गोपी शंकर अग्रवाल, **जमानतकर्ता-** मेसर्स यद्दुल यूथ प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, **पता-** पुराना बस स्टैंड, कटरा तालाब, पोस्ट- गौरीगंज, जिला-अमेठी-227409 (5) **श्री अरविंद सिंघल** स्वर्गीय जमाता प्रसाद सिंघल के कानूनी उत्तराधिकारी, **पता-** पुराना बस स्टैंड, कटरा तालाब, पोस्ट-गौरीगंज, जिला-अमेठी-227409 (6) **श्री कुणाल सिंघल** स्वर्गीय जमाता प्रसाद सिंघल के कानूनी उत्तराधिकारी, **पता-**पुराना बस स्टैंड, कटरा तालाब, पोस्ट- गौरीगंज, जिला- अमेठी- 227409.	**चिन्हित संपत्ति:- पूरा-** एमए बेस- एफ-7, **परिमाण-** विस्तार, अनुमाप प्रसाद सिंघल की संपत्ति का हिस्सा, **मौजा-** एम ई 58 ए, **जनपद-**अमेठी, **उपजिला-** गौरीगंज, **तहसील-** गौरीगंज, **राज्य-** उत्तर प्रदेश	दिनांक- 17.06.2026 तक रु. 17,16,46,203.90 + ब्याज एवं अन्य खर्च दिनांक- 18.06.2026 से प्रभावी	07.07.2026 समय- 02:00 PM से 06:00 PM	रु. 51,84,000/- (अरक्षित मूल्य) रु. 5,18,400/- (अग्रिम धनराशि) रु. 1,00,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	भौतिक	22.06.2026 से 04.07.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM

नोट:- "UPSIDC का बकाया, यदि कोई हो।"

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बैंक ऑफ बड़ौदा की वेबसाईट का अवलोकन करें- https://www.bankofbaroda.in / e-auction एवं ऑनलाइन प्रतिभूति पोर्टल Baanknet.com सेवाप्रदाता/ऑनलाइन प्रतिभूति के परिचालन का- 9451645259, 9999229922 से सम्पर्क करें।

दिनांक : 17.06.2026 स्थान: प्रयागराज प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा